कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)
(NAAC द्वारा "A" ग्रेड़ प्राप्त संस्थान)
Email address principalgckota@gmail.com

दिनांकः–20.11.2023

कार्यक्रम रिपोर्ट

ऑनलाइन शिक्षण पर वाद–विवाद प्रतियोगिता

दिनांक 20.11.2023 को राजकीय महाविद्यालय, कोटा में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के तत्वावधान में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय– **'क्या ऑनलाइन शिक्षा पारम्परिक शिक्षा से बेहतर है'** पर विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को शिक्षा पद्धति के ऑन लाइन मोड एवं कक्षा शिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होने वर्तमान परिस्थितियों में ऑनलाइन शिक्षा के औचित्यपूर्ण बिन्दुओं को बताते हुये परम्परागत शिक्षण की जीवन्तता को भी उजागर किया जिसमें शिक्षक व शिक्षार्थी की अर्न्तक्रिया से रोचकता एवं सरसता बनी रहती है।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुमन शर्मा ने बताया कि वाद–विवाद प्रतियोगिता में 29 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से प्रथम स्थान प्रियंका प्रजापति, द्वितीय स्थान मनिका तिवारी एवं अनिया मंसूरी तथा तृतीय स्थान तनु हाड़ा ने प्राप्त किया। उन्होने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उत्साह पूर्वक भाग लेने हेतु प्रेरित किया एवं मार्गदर्शन प्रदान हेतु प्राचार्य महोदया का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के सदस्यों प्रो. वन्दना शर्मा, प्रो. श्वेता आचार्य, प्रो. लोनी लोकवानी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी. संयोजक प्रो.मंजूबाला यादव, प्रो. बी.बी. जैमिनि, प्रो. अजरा अख्तर, डॉ. सुनीता भार्गव, डॉ. रीना कुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की कवरेज देनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति, चबंल सन्देश, जननायक, राष्ट्रदूत आदि समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई।

सुमन

संयोजक
(सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति)

20/11/2023

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, कोटा